<u>संदेश</u>

वैशाखी, विशु, रोंगाली बिहू, नब बर्ष, वैशाखड़ी और पुतान्दु पिरापु के शुभ अवसर पर, मैं, भारत और अन्य देशों में रह रहे सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

हमारे देश के अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न तौर-तरीकों से मनाए जाने वाले ये त्योहार हमारी विविधता और बहुलतावादी परंपरा को दर्शाते हैं तथा हमारी व्यापक एकता एवं आपसी समझ-बूझ को रेखांकित करते हैं। राष्ट्र की भलाई और प्रगति के लिए कड़ी मेहनत करने वाले कृषक समुदाय के लिए ये त्योहार विशेष हर्ष का अवसर होते हैं।

आइए, इस अवसर पर हम सब मिलकर शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए कार्य करने तथा राष्ट्र की प्रगति के लिए एकता और भाईचारे का संदेश फैलाने का संकल्प लें।

****